दुर्घटना — अचानक सामने आए बैल को बचाने की कोशिश में दर्दनाक हादसा

# अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटा, 3 मासूम बहनों की मौत





**अनूपपुर नवभारत 23 जनवरी।** जिले के अमरकंटक थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली सड़क दुर्घटना में सीमेंट और सरिया से लदा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे ट्रैक्टर पर सवार तीन नाबालिग बच्चियों की दर्दनाक मौत हो गई।

चालक ने अचानक सामने आए एक बैल को बचाने का प्रयास किया और इस दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना से पूरा क्षेत्र में शोक में डूब गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को खजुरवार से लालपुर की ओर निर्माण सामग्री लेकर जा रहा ट्रैक्टर के इंजन पर रुक्मणी बाई महोबे अपनी तीन नाबालिग बेटियों के साथ बैठी थीं। ट्रैक्टर महिला का जेठ दिनेश कुमार महोबे चला रहा था।

### सड़क किनारे पलटा था ट्रैक्टर

रास्ते में अचानक एक बैल सामने आया, चालक ने उसे बचाने के लिए ट्रैक्टर मोड़ा, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे पलट गया। हादसे में रुक्मणी बाई महोबे की तीनों बेटियां गंभीर रूप से घायल हो गईं, परिजन और ग्रामीण घायलों को तत्काल दमेहडी अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन दुर्भाग्यवश रास्ते में ही तीनों मासूमों ने दम तोड़ दिया।

### मां रुक्मणी बाई भी घायल

मृत बच्चियों की पहचान 6 वर्षीय काव्या महोबे,3 वर्षीय अमानिका महोबे और 3 माह की आंशिका महोबे के अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना में मां रुक्मणी बाई महोबे को भी चोटें आई हैं, जिनका इलाज जारी है। घटना के बाद गांव में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### पुलिस ने जांच शुरू की

स्थानीय लोगों की मदद से पलटे ट्रैक्टर को सीधा कराया गया। सूचना मिलते ही अमरकंटक पुलिस मौके पर पहुंची मर्ग कायम कर शवों का पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया, अमरकंटक पुलिस पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रही है।पुष्पराजगढ़ एसडीओपी नवीन तिवारी ने बताया कि घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई थी और जांच शुरू कर दी हैं।

# कुएं में गिरने से सफेद भालू शावक की मौत

**ग्रामीणों ने वन विभाग को दी जानकारी**



**अनूपपुर नवभारत 23।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के जैतहरी विकाशखंड के ग्राम मुंडा में गुरूवार-शुक्रवार की रात विचरण करते हुए सफेद रंग का नर भालू शावक की अचानक कुएं में गिर गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

घटना की सूचना पर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर भालू के शव को बाहर निकाल कर परीक्षण कर अंतिम संस्कार किया गया। जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र जैतहरी के गढ़ियाटोला भी अंतर्गत मुंडा गांव की चूहिराटोला निवासी मनदेव राठौर के खेत में कुआं है। इसमें गुरुवार-शुक्रवार की रात भालू के गिरने एवं तेज आवाज को सुनकर ग्रामीणों ने गढ़ियाटोला वनरक्षक नरेंद्र पटेल को सूचना दी।

### वन विभाग ने भालू को कुएं से बाहर निकाला

सूचना पर वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और भालू को कुएं से बाहर निकाल कर परीक्षण किया, जिसमें सफेद नर भालू शावक मृत पाया गया। मृत भालू के शव को वन डिपो जैतहरी लाकर शव परीक्षण कराने बाद वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में अंतिम संस्कार की कार्यवाही की गई।

# अमरकंटक में नर्मदा महोत्सव आज से



**अनूपपुर नवभारत 23 जनवरी।** जिले की विश्व प्रसिद्ध नर्मदा उद्गम नगरी अमरकंटक में दो दिवसीय नर्मदा महोत्सव-2026 का आयोजन 24 एवं 25 जनवरी को मां नर्मदा की उद्गम स्थली पवित्र नगरी अमरकंटक में होगा। जिसकी तैयारीयों को कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है।

मां नर्मदा की पावन जन्म स्थली अमरकंटक में नर्मदा महोत्सव 2026 की शुरुआत 24 जनवरी को प्रातः 11 बजे मां नर्मदा शोभायात्रा से होगी। तत्पश्चात् दोपहर 1 बजे अखण्ड कीर्तन, शाम 4 बजे निर्झरणी महोत्सव, शाम 7 बजे महाआरती तथा रात्रि 8 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन तथा मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग एवं श्री नर्मदे हर सेवा न्यास अमरकंटक के सहयोग से आयोजित निर्झरणी महोत्सव में बैगा जनजाति द्वारा करमा नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।

### भक्ति संगीत का होगा आयोजन

भुवनेश्वर के सुनील साहू एवं साथी द्वारा शंखध्वनि एवं सिवनी की बाली ठाकरे एवं साथी द्वारा भक्ति संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। जिला प्रशासन अनूपपुर द्वारा नागरिकों से नर्मदा महोत्सव 24 एवं 25 जनवरी को अमरकंटक में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की गई है।

### संकल्प से समाधान अभियान में अब तक आए 12226 आवेदन

**अनूपपुर नवभारत।** जनसामान्य को कल्याणकारी हितग्राही मूलक योजनाओं का सुगमता एवं समयबद्धता और प्रभावी तरीके से पात्र लाभार्थियों को लाभ उपलब्ध कराने तथा सुशासन और विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य को साकार करने के उद्देश्य से 'संकल्प से समाधान' अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च तक जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में चार चरणों में संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत अभियान के प्रथम चरण (12 जनवरी से 15 फरवरी) में ग्राम पंचायत, नगरीय वार्ड स्तर पर समितियां गठित कर घर-घर जाकर या शिविरों के माध्यम से आवेदन व शिकायतें एकत्र की जा रही है।

# रेत माफियाओं के कब्जे में अनूपपुर की नदियां

**अनूपपुर, बिजुरी, कोतमा और रामनगर में रात में हो रहा अवैध खनिज उत्खनन, प्रशासन ने साधी चुप्पी**



**अनूपपुर नवभारत 23 जनवरी।** जिले में खनिज संपदा की लूट का खुला खेल जारी है। विशेष रूप से बिजुरी, कोतमा और रामनगर थाना क्षेत्रों में कानून का खौफ पूरी तरह खत्म हो चुका है। यहां की नदियों और नालों का सीना छलनी कर माफिया रात के अंधेरे में 'लाल सोना' बटोर रहे हैं और प्रशासन कार्रवाई के बजाय चुप्पी साधे बैठा है। बिजुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण और सीमावर्ती इलाकों में रेत का अवैध उत्खनन चरम पर है। सूत्रों की मानें तो बिजुरी के छाती, उमर्दा और मंटोलिया जैसे क्षेत्रों में माफियाओं ने अपने गुप्त रास्ते बना लिए हैं। यहां से न केवल नदियों बल्कि फॉरेस्ट की जमीनों से भी धड़ल्ले से रेत निकाली जा रही है। बिजुरी क्षेत्र में सक्रिय यह सिंडिकेट इतना मजबूत है कि रात होते ही यहाँ ट्रैक्टरों की 'रेसिंग' शुरू हो जाती है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में भी दहशत का माहौल है।

### कोतमा और रामनगर में बेखौफ परिवहन

कोतमा थाना क्षेत्र के इमली घाट, पहलचूहा और पठारवादी में माफिया ने जलस्तर को नुकसान पहुंचाते हुए गहरी खुदाई शुरू कर दी है। रामनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले फॉरेस्ट एरिया में भी माफिया की नजरें गड़ी हुई हैं। वेंकट नगर के इलाकों में अंधेरे का फायदा उठाकर ट्रैक्टरों के जरिए रेत की तस्करी की जा रही है, जिससे शासन को हर दिन लाखों रुपये के राजस्व की हानि हो रही है।

### पुलिस और खनिज विभाग सो रहा

आम जनता के बीच यह चर्चा आम है कि बिजुरी, कोतमा और रामनगर पुलिस की नाक के नीचे से रात भर रेत से लदे ट्रैक्टर गुजरते हैं। ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि क्या इन थानों की पुलिस को इसकी भनक नहीं है? या फिर 'महीने' के चक्कर में माफियाओं को खुली छूट दे दी गई है? वन विभाग (फॉरेस्ट) की चुप्पी भी इस पूरे अवैध कारोबार में उनकी संलिप्तता की ओर इशारा कर रही है।

# आनंद उत्सव में मिली पीएम स्वनिधि की सौगात

**बिजुरी राजीव रतन ग्राउंड में उमड़ा जनसैलाब, बचपन की यादें हुई ताजा**



**बिजुरी नवभारत 23 जनवरी।** नगर पालिका परिषद बिजुरी के वार्ड क्रमांक 06 स्थित राजीव रतन ग्राउंड में शुक्रवार को एक ओर जहां पारंपरिक खेलों के शोर से गुलजार रहा, वहीं दूसरी ओर देश के प्रधानमंत्री के संबोधन से विकास की नई ऊर्जा का संचार हुआ। अवसर था 'आनंद उत्सव 2026' और 'पीएम स्वनिधि योजना' के राष्ट्रव्यापी क्रेडिट कार्ड वितरण समारोह के सीधे प्रसारण का। आनंद उत्सव के तहत आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं में नगर के नागरिकों का उत्साह देखते ही बनता था। मैदान में जब बच्चों के बीच दौड़, रस्साकशी और अन्य स्थानीय खेल शुरू हुए, तो दर्शकों दीर्घा में बैठे बुजुर्ग भी खुद को रोक नहीं पाए और अपनी सहभागिता दर्ज कराई। नागरिकों का कहना था कि भागदौड़ भरी जिंदगी के बीच इस उत्सव ने उन्हें दोबारा अपने बचपन के सुनहरे दिनों की याद दिला दी है।

### पीएम मोदी ने दिया आत्मनिर्भरता का मंत्र

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन रहा जो केरल के तिरुवनंतपुरम से प्रसारित किया गया। पीएम ने इस दौरान देश भर में एक लाख ऋण प्रकरणों के वितरण एवं क्रेडिट कार्डों का शुभारंभ किया। बिजुरी के हितग्राहियों ने इस सीधे संवाद को बेहद ध्यान से सुना। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि पीएम स्वनिधि योजना अब फुटपाथ विक्रेताओं और छोटे व्यापारियों के लिए 'संजीवनी' साबित हो रही है।

### अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को सशक्त बनाना हमारा संकल्प : जायसवाल

इस भव्य आयोजन में प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विकास और उल्लास जब साथ मिलते हैं तभी एक स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को सशक्त बनाना ही हमारा संकल्प है।

### गणतंत्र दिवस की संध्या पर होगा भारत पर्व का आयोजन

**अनूपपुर नवभारत।** गणतंत्र दिवस की संध्या में लोकतंत्र का लोक उत्सव भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत 26 जनवरी की शाम 6.30 बजे से शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के प्रांगण में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संस्कृति विभाग द्वारा कलाकारों के दो दलों को चयनित किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली ने बताया कि भारत पर्व में भोपाल के कलाकार श्री मुकेश बराह एवं उनके दल द्वारा देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी जायेगी।



# अक्षरा शिक्षा से की गई बदलाव की शुरूआत

**आजीविका मिशन एवं जिला शिक्षा केंद्र ने विशेष कार्यक्रम किया आयोजित**

**अनूपपुर नवभारत 23 जनवरी।** मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्व-सहायता समूहों से जुड़ी ऐसी महिलाएं जो साक्षर नहीं हैं, उन्हें उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत साक्षर बनाये जाने की पहल के अंतर्गत 23 जनवरी को बसंत पंचमी के दिन विशेष कार्यक्रम आयोजित किये गये।

जिला कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं मुख्यस कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन में जिले में भी अक्षरा शिक्षा से बदलाव की शुरूआत, अभियान अंतर्गत समूह की दीदियों को साक्षर बनाये जाने की शुरूआत की गयी। अभियान अंतर्गत समूह की महिलाओं को साक्षर बनाये जाने की पहल के तहत एक साक्षर महिला को अक्षर साथी के रूप में चिन्हित कर उनके द्वारा समूह, परिवार या ग्राम की महिलाओं को साक्षर बनाये जाने का कार्य किया जायेगा।

### समूह महिलाओं ने ली शपथ

इस पहल का मूल उद्देश्य समुदाय स्तर पर अक्षर साथी के माध्यम से समूह से जुड़ी असाक्षर महिलाओं की बुनियादी साक्षरता को सुदृढ़ एवं सशक्त करना है। मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं राज्य शिक्षा केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में हर महिला साक्षर, हर परिवार सशक्त, हर गांव प्रगति की ओर की अवधारणा के साथ 23 जनवरी को जिले के समस्त विकासखंडों में कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम में समूह की महिलाओं ने सामूहिक शपथ ली।

# एकजुटता से ही समाज में मजबूती संभव : तिवारी

**हिन्दू सम्मेलन में सैकड़ों लोगों ने समरसता भोज में लिया हिस्सा**




**अनूपपुर नवभारत 23 जनवरी।** जिले में जाति भेद को भुला कर सैकड़ों लोगों ने चेतनानगर में आयोजित हिन्दू सम्मेलन के सामाजिक समरसता भोज में हिस्सा लिया। शुक्रवार को चेतनानगर स्थित शंकर मन्दिर चौक के पास हिन्दू सम्मेलन का आयोजन सर्व हिन्दू समाज आयोजन समिति द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अमरकंटक चौक से भारत माता की झांकी की शोभा यात्रा निकालकर किया गया। शोभायात्रा में जय श्री राम, भारत माता की जय, वंदे मातरम् के नारे लगाते हुए अमरकंटक चौक से शुरु होकर शंकर मन्दिर चौराहे में पूर्ण हुई। इसके पश्चात मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की आरती से किया गया।

### वैश्विक उथल-पुथल से भारत अप्रभावित

हिन्दू सम्मेलनों के आयोजन के महत्व को रेखांकित करते हुए मुख्य वक्ता राजेन्द्र तिवारी ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मची उथल-पुथल से अप्रभावित भारत देश लगातार आगे बढते हुए विश्व की तीसरी बडी आर्थिक शक्ति बन गया है। आने वाले 20 वर्ष में भारत विश्व की सबसे बड़ी ताकत बन कर उभरने वाला है। भारत युगों-युगों से सनातन हिन्दू देवभूमि रहा है। राष्ट्र की मजबूती के लिये सभी सनातनी हिन्दू भाई बहनों को जाति भेद मिटाकर एकजुट रहना होगा।

### संयुक्त परिवार की परंपरा होती जा रही खण्डित : किरण

मातृशक्ति किरण बियाणी ने देश और समाज की मजबूती में संयुक्त परिवार की भूमिका पर अपने विचार रखते हुए कहा कि संयुक्त परिवार की परंपरा खण्डित होती जा रही है। हमे इसे बचाए रखना होगा। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की अपील करते हुए कहा कि हमारे सनातन धर्म मे नदी,पर्वत, धरती, आसमान, सूर्य, चन्द्रमा, अग्नि,जल, आकाश, पेड़-पौधों तक की पूजा करने की परंपरा है। संचालन हरिशंकर वर्मा ने किया जबकि मंत्रोच्चारण और शंख ध्वनि के साथ भारत माता का पूजन पं आनंद राम गौतम ने किया।

### एक नजर में

## साल बोरर से प्रभावित वृक्षों की ली जानकारी

**अमरकंटक नवभारत 23 जनवरी।** जिले की प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक नगरी अमरकंटक में शुक्रवार को नवागत वन मंडलाधिकारी डेविड वेंकट राव चनाप ने औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने वन परिक्षेत्र का भ्रमण कर विभिन्न विभागीय कार्यों, योजनाओं एवं समस्याओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान वन मंडलाधिकारी ने विशेष रूप से साल बोरर कीट से प्रभावित वृक्षों की स्थिति की जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि गत माह साल बोरर कीट का प्रकरण खबरो की सुर्खियों में रहा है, जिस पर विभाग द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए वरिष्ठ कार्यालय को समय-समय पर अवगत कराया गया था। नवागत वन मंडलाधिकारी ने कार्यालय निरीक्षण के साथ-साथ विभिन्न विभागीय गतिविधियों एवं भावी कार्य योजनाओं को लेकर चर्चा की। इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी वीरेंद्र श्रीवास्तव ने उन्हें क्षेत्र में संचालित समस्त योजनाओं, कार्यों एवं चुनौतियों से विस्तारपूर्वक अवगत कराया।

### दिए आवश्यक दिशा निर्देश

वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि अमरकंटक वन परिक्षेत्र, छत्तीसगढ़ राज्य के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले एवं मध्य प्रदेश के डिंडोरी जिले की सीमा से लगा हुआ है। यह क्षेत्र पवित्र तीर्थ स्थल होने के साथ-साथ एक प्रमुख पर्यटन केंद्र भी है, जिसके कारण वन संरक्षण एवं प्रबंधन में कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वन मंडलाधिकारी ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना और आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए स्थिति से अवगत हुए।

## खाद के लिए रात भर जाग रहे किसान

**नवभारत, बाकल।** राज्य सरकारी विपणन संघ मर्यादित, बहोरीबंद स्थित खाद वितरण केंद्र पर किसानों की दुर्दशा अब किसी से छिपी नहीं रही। बहोरीबंद तहसील के सैकड़ों गांवों के किसान इसी केंद्र से मिलने वाली खाद पर निर्भर हैं, लेकिन हालात यह हैं कि किसानों को समय पर खाद मिलना अब संघर्ष बन गया है। स्थिति इतनी भयावह है कि किसान एक दिन पहले ही गोदाम के बाहर कतार में नंबर लगाकर, पूरी रात कड़ाके की ठंड में में खुले आसमान के नीचे इंतजार करने को मजबूर हैं। बीते दिन सुबह करीब 4 बजे गोदाम परिसर का नजारा खुद सरकारी व्यवस्था की संवेदनहीनता की गवाही दे रहा था। लंबी कतारों में खड़े किसान, ठिठुरते शरीर और आंखों में मायूसी किसानों के चेहरों पर साफ दिखाई दे रही थी। किसानों ने बताया कि यह कोई नई समस्या नहीं है। हर साल यही हाल है। रात में नंबर लगाओ, सुबह कहीं जाकर खाद मिलती है। मजबूरी में रातभर यहीं रुकना पड़ता है, किसानों ने आक्रोश भरे स्वर में कहा। एक ओर सरकार किसानों की आय दोगुनी करने और खेती को लाभ का धंधा बनाने के बड़े-बड़े दावे कर रही है।

कार्यवाही — कोयला चोरी के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार, सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर मुख्य द्वार से कोयला लोड ट्रकों को बाहर निकाला जा रहा था

# एरिया सेल्स मैनेजर की भूमिका संदिग्ध, जांच पर उठे सवाल



**अनूपपुर नवभारत 23 जनवरी।** राजनांदगांव जगरन्नाथपुर ओपन कास्ट खदान से ट्रक-ट्राला के माध्यम से कोयला चोरी के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने भले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया हो, लेकिन इस पूरे प्रकरण में एरिया सेल्स मैनेजर भटगांव अमित सिंह की संदिग्ध भूमिका सामने आने के बावजूद न तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है और न ही किसी प्रकार की विभागीय या कानूनी कार्रवाई हुई है। इससे जांच की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं।अखबार में प्रकाशित खबर एवं न्यूज वेबसाइट में उपलब्ध जानकारी के अनुसार, जगरन्नाथपुर खुली खदान से कोयला लोड ट्रक-ट्रालों को सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर मुख्य द्वार से बाहर निकाला जा रहा था। मामले के उजागर होने के बाद खदान प्रबंधन ने प्राथमिकी दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया

### कोयला चोरी का खेल लंबे समय से चल रहा था

बताया जा रहा है कि कोयला चोरी का यह खेल लंबे समय से चल रहा था और इसमें खदान प्रबंधन, सुरक्षा कर्मियों तथा रोड सेल से जुड़े कुछ जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है नियमों के अनुसार बिना वैध दस्तावेज, वजन पर्ची और अधिकृत अनुमति के कोयले का परिवहन संभव नहीं है, ऐसे में सवाल उठता है कि यह सब एरिया सेल्स मैनेजर भटगांव अमित सिंह की जानकारी के बिना कैसे होता रहा

### कंपनी प्रबंधन ने नहीं उठाया ठोस कदम

सूत्रों का कहना है कि रोड सेल और कोयला डिस्पैच से जुड़े सभी अहम नियंत्रण एरिया सेल्स मैनेजर के अधीन होते हैं। इसके बावजूद अमित सिंह को जांच के दायरे से बाहर रखा जाना संदेह को और गहरा करता है। न तो पुलिस रिकॉर्ड में उनका नाम दर्ज है और न ही कंपनी प्रबंधन की ओर से उनके खिलाफ कोई ठोस कदम उठाया गया है

### निष्पक्ष जांच से बड़े चेहरे हो सकते हैं बेनकाब

स्थानीय लोगों और जानकारों का मानना है कि यदि निष्पक्ष जांच हो तो बड़े चेहरे बेनकाब हो सकते हैं। केवल छोटे कर्मचारियों और ट्रक चालकों की गिरफ्तारी कर मामले को रफा-दफा करने की कोशिश की जा रही है, जबकि असली सूत्रधार अब भी सुरक्षित हैं। जनता और जिम्मेदार नागरिकों ने मांग की है कि इस पूरे कोयला चोरी प्रकरण की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए।